## कुलपति महोदय की अध्यक्षता में सम्पन्न उत्तराखण्ड मुक्त विश्वविद्यालय की परीक्षा समिति की पंचम बैठक दिनांक 22 अक्टूबर 2012 का कार्यवृत्त :-

**बैठक में निम्न ने प्रतिभागिता की :-**

| | | |
|---|---|---|
| 1- प्रो0 विनय कुमार पाठक, कुलपति | - | अध्यक्ष |
| 2- प्रो0 आर0सी0 पन्त, पूर्व कुलपति, कुमाऊँ विश्वविद्यालय | - | सदस्य |
| 3- श्री सुधीर चड्ढा, प्रतिनिधि वि0वि0 कार्यपरिषद | - | सदस्य |
| 4- पो0 आर0सी0 मिश्र, निदेशक, प्रबन्ध अध्ययन एवं वाणिज्य वि0शा0 | - | सदस्य |
| 5- प्रो0 जे0के0 जोशी, निदेशक, शिक्षाशास्त्र विद्याशाखा | - | सदस्य |
| 6- प्रो0 गिरिजा पाण्डे , निदेशक, समाज विज्ञान वि0शा0 | - | सदस्य |
| 7- प्रो0 वी0के0 कौल, निदेशक, कृषि विज्ञान वि0शा0 | - | सदस्य |
| 8- प्रो0 एच0पी0 शुक्ल,निदेशक, भाषा विद्याशाखा/परीक्षा नियंत्रक | - | सचिव/सदस्य |

परीक्षा नियंत्रक ने परीक्षा समिति के अध्यक्ष की अनुमति से बैठक का शुभारम्भ किया तथा समिति के सम्मानित सदस्यों तथा उपस्थित अधिकारियों का अभिनन्दन तथा स्वागत करते हुवे समिति के समक्ष प्रस्तुत कार्यसूची में उल्लखित प्रस्तावों पर विचार हेतु सदस्यों को आमंत्रित किया जिस पर बैठक में प्रस्ताववार चर्चा हुई तथा निर्णय लिये गये।

प्रस्ताव संख्या 01:- परीक्षा नियंत्रक ने परीक्षा समिति को अवगत कराया कि परीक्षा समिति की चतुर्थ बैठक के प्रस्तावों पर कोई संशोधन प्राप्त नही हुए है तथा निर्णयों पर कार्यवाही की गयी है। इस प्रकार परीक्षा समिति की चतुर्थ बैठक के कार्यवृत्त की पुष्टि की गयी।

**प्रस्ताव संख्या 02:- परीक्षा कार्यों के सफल सम्पादन हेतु सहायक परीक्षा नियंत्रक की संख्या में पुन: विचार करने सम्बन्ध में।**

पूर्व बैठक मे समिति द्वारा परीक्षा विभाग के सुचारू संचालन हेतु 02 सहायक परीक्षा नियंत्रक की नियुक्ति का अनुमोदन था परन्तु परीक्षा के दौरान ज्ञात हुआ कि कार्य के सम्पादन में कठिनाइयां उत्पन्न हो रही है । अत: जुलाई/अगस्त-2012 की वार्षिक परीक्षाओं के लिए 03 परीक्षा नियंत्रक की नियुक्ति की गयी।

अत: इसकी कार्योत्तर स्वीकृति के उपरान्त समिति से अनुरोध हैं कि फरवरी/मार्च की परीक्षाओं के लिए 02 सहायक परीक्षा नियंत्रक, और जुलाई/अगस्त के लिए 03 सहायक परीक्षा नियंत्रक की नियुक्ति के प्रस्ताव पर विचार कर अनुमोदन देने का कष्ट करें।

**निर्णय-:**

**इस सम्बन्ध में पूर्व गठित समिति द्वारा की गयी संस्तुति का अनुमोदन करते हुवे समिति ने विश्वविद्यालय की परीक्षाओं के लिए 03 सहायक परीक्षा नियंत्रक की नियुक्ति पर अनुमोदन दिया ।**

**प्रस्ताव संख्या 03:- परीक्षा केन्द्रों के पूर्व निर्धारित अनुषांगिक व्यय दरों पर पुनर्विचार के सम्बन्ध में।**

विश्वविद्यालय की परीक्षाओं के संचालन के लिए परीक्षा केन्द्रों को अनुषांगिक व्यय रू0 1500/- निर्धारित किया गया था। परन्तु परीक्षा के दौरान परीक्षा केन्द्रों में संचालन कार्य में बाधा उत्पन्न हो रही है।

अत: प्रस्ताव हैं कि अनुषांगिक व्यय वास्तविक व्यय के आधार पर देय होगा। इस हेतु 500 परीक्षार्थियों तक के केन्द्रों को रू0 1500/- तथा उससे अधिक छात्रों पर रू0 3000/- का अग्रिम देय होगा । कृपया प्रस्ताव पर अनुमोदन देना चाहें ।

**निर्णय-:**

**समिति ने इस सम्बन्ध में निर्देशित किया कि वित्त नियंत्रक/परीक्षा नियंत्रक/सहायक कुलसचिव (परीक्षा) आदि मिलकर अनुषांगिक व्यय की पर विचार-विमर्श कर निर्णय लेंगी ।**

**प्रस्ताव संख्या 04:- परीक्षा के दौरान परीक्षा केन्द्रों में आवश्यकतानुसार जनरेटर का उपयोग एवं उसके खर्च की स्वीकृति हेतु**

विश्वविद्यालय की परीक्षा के दौरान परीक्षा केन्द्रों में बिजली की कमी सामने आयी है जिससे परीक्षाओं के सम्पादन में कठिनाई उत्पन्न हो रही है।

अतः समिति के समक्ष प्रस्ताव हैं कि परीक्षाओं के सफल सम्पादन हेतु परीक्षा केन्द्रों में आवश्यकतानुसार जनरेटर का खर्च देय होगा। कृपया प्रस्ताव पर स्वीकृति देना चाहें।

**निर्णयः-**

**समिति ने प्रस्ताव को स्वीकार करते हुए निर्देशित किया कि सेन्टरों पर जनरेटर की आवश्यकता पड़ने पर सुविधा प्रदान की जायेगी। विश्वविद्यालय के पर्यवेक्षकों के द्वारा बिल को प्रमाणित किया जायेगा तथा उसका वास्तविक भुगतान वि0वि0 द्वारा किया जायेगा।**

**प्रस्ताव संख्या 05:-परीक्षा विषयक दरों के लिए डा0 मंजरी अग्रवाल समिति की सिफारिशों पर विचार एवं अनुमोदन ।**

परीक्षा विषयक दरों के लिए डा0 मंजरी अग्रवाल समिति के द्वारा गठित समिति ने परीक्षा कार्यों की दरों में परिवर्तन करने हेतु अपने प्रस्ताव और सुझावों को प्रस्तुत किया हैं । प्रश्नगत का प्रारूप परीक्षा समिति के अवलोकनार्थ प्रस्तुत करते हुए अनुरोध हैं कि समिति कृपया इस सम्बन्ध में विचार कर अनुमोदन देना चाहें। **(संलग्न-1)**

**निर्णयः-**

**परीक्षा समिति ने इस सम्बन्ध में अवगत कराया कि उक्त प्रस्ताव को सैद्धान्तिक रूप से मान लेते हैं लेकिन वर्धमान महावीर वि0वि0, कोटा, राजर्षि टण्डन, वि0वि0, इलाहाबाद और कुमाँऊ वि0वि0 के रेट से 10% अधिक तक मान्य होगा । समिति ने वित्त समिति से इस प्रस्ताव को अनुमोदित कराने के लिए निर्देशित किया।**

**प्रस्ताव संख्या 06:-विकलांग विद्यार्थियों को परीक्षाओं में अतिरिक्त समय देने के सम्बन्ध में विचार एवं अनुमोदन ।**

विश्वविद्यालय में प्रवेश लिए विकलांग छात्रों कों अतिरिक्त समय देने के सम्बन्ध में सहानुभूति पूर्वक विचार करने हेतु प्रस्ताव रखा गया है। अन्य विश्वविद्यालयों में भी विकलांगों के लिए यह सुविधा तैय है। **(संलग्न-2)**

अतः समिति से अनुरोध हैं कि, जो विद्यार्थी इस श्रेणी में आते है उन्हें परीक्षाओं में अतिरिक्त समय देने हेतु अनुमोदन देना चाहें।

**निर्णय-:**

**समिति ने विकलांग विद्यार्थियों को यथोचित सुविधाएं प्रदान करने की सैद्धान्तिक रूप से सहमति दी है। जो सुविधा उन्हें अन्यत्र मिलती है उन्हे मिलनी चाहिए । इस प्रस्ताव पर विश्वविद्यालय स्तर पर कमेटी बनाकर निर्णय लिया जायेगा । इसके लिए समिति ने निम्नलिखित कमेटी का गठन किया गया ।**

1- **प्रो0 एच0पी0 शुक्ला।**
2- **प्रो0 गोविन्द सिंह।**

**प्रस्ताव संख्या 07:- अन्य विषय , अध्यक्ष मोहदय की अनुमति में।**

1- समिति ने कहा कि विश्वविद्यालय की परीक्षा की गुणवत्ता में भी सुधार करना चाहिए क्योंकि विश्वविद्यालय की पहचान उसकी गुणवत्ता से ही होती है।
2- समिति ने कहा कि परीक्षा में नकल को रोका जाये और परीक्षा केन्द्र कम से कम स्थापित किये जाये।
3- समिति ने नकल को रोकने के लिए एक कमेटी का गठन किया जो इसे रोकने में अपना सुझाव देंगे । इसके लिए निम्नलिखित कमेटी का गठन किया गया ।
   1- प्रो0 आर0 सी0 पन्त, (अध्यक्ष)
   2- प्रो0 एच0पी0 शुक्ला , सदस्य
   3- प्रो0 गोविन्द सिंह , सदस्य
   4- समस्त पर्यवेक्षक, सदस्य

   समिति अपनी बैठक में खुली बहस करेगी और इस बहस की विडियों रिकॉडिंग की जायेगी।
4- परीक्षा केन्द्रों को बनाये जाने के लिए अध्ययन केन्द्रों से दबाव आता हैं । इसके सुझाव के लिए समिति ने कहा कि यदि जिला मुख्यालय पर परीक्षा केन्द्र बनाये जाये तो वह वि0वि0 और अध्ययन केन्द्र दोनों के लिए उचित होगा और इस प्रकार परीक्षा में हो रही नकल को रोका जा सकेगा।
5- पूर्व की परीक्षाओं में आई समस्याओं के निवारण हेतु सुझाव दिया।

6- समिति ने परीक्षा केन्द्र समेत अन्य विषयों के अध्ययन के लिए निम्नलिखित टेक्निकल कमेटी का गठन किया -:

1- प्रो0 आर0सी0 मिश्र।
2- प्रो0 गोविन्द सिंह।
3- डा0 सूर्यभान सिंह।
4- श्री विनित पौडियाल ।

7- समिति ने सर्वसहमति से निर्णय लिया कि नये परीक्षा नियंत्रक और सहायक परीक्षा नियंत्रक की नियुक्ति 01 नवम्बर 2012 से कर दी जाये ताकि वे आगामी परीक्षा की तैयारी प्रारम्भ कर सकें। समिति ने इस हेतु निम्नलिखित नामों का अनुमोदन किया ।

1- प्रो0 गोविन्द सिंह, परीक्षा नियंत्रक
2- डा0 सुबोध कुमार, सहायक परीक्षा नियंत्रक
3- डा0 अमित गंगोटिया, सहायक परीक्षा नियंत्रक
4- श्री जितेन्द्र कुमार द्विवेदी, सहायक परीक्षा नियंत्रक

बैठक के अन्त में समिति के अध्यक्ष ने समिति के सभी सम्मानित सदस्यों तथा उपस्थित अधिकारियों को धन्यवाद ज्ञापित करते हुए बैठक की समाप्ति की घोषणा की।

परीक्षा नियंत्रक